# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
## Guru Jambheshwar University, Moradabad
*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*
**Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com**

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2026 / 607 | दिनांक : 09.02.2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2025–26 के स्नातक / स्नातकोत्तर के समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के सतत् आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों को अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया सतत् आन्तरिक मूल्यांकन (CIE) के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्रांकः गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 2262 दिनांक 19.11.2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा सतत आन्तरिक मूल्यांकन की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

स्नातक / स्नातकोत्तर के समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर से सम्बन्धित सतत् आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से कालेज लॉगिन से अपलोड किया जाना है जिसके लिए समर्थ पोर्टल पर प्रावधान कर दिया गया है। उक्त अंकों के अपलोड किये जाने हेतु **दिनांक 09.02.2026 से 28.02.2026 तक तिथि निर्धारित** की जाती है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय के स्नातक / स्नातकोत्तर के प्रथम सेमेस्टर के समस्त पाठ्यक्रमों / विषयों के सतत् आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों को निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें। सतत् आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की भली–भाँति जाँच करने के पश्चात् ही अपलोड करें क्योंकि अंकों को अपलोड कर देने के बाद उनमें संशोधन एवं परिवर्तन नहीं हो सकेगा। अपलोड किये गये अंकों की हार्ड कॉपी महाविद्यालय द्वारा अपने अभिलेखों में सुरक्षित रखा जाये जिसकी माँग किये जाने पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

भवदीय
09/2/26
(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ।
3. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. सम्पादक, प्रमुख समाचार पत्रों को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित / जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

परीक्षा नियंत्रक

# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
# Guru Jambheshwar University, Moradabad
*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*

Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com


पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 2262 दिनांक : 19.11.2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय,
मुरादाबाद।

**विषयः– शैक्षणिक सत्र 2025–26 में सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIE) के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–01 के पत्र संख्या–622 / सत्तर–1–2025–16(11) / 2014 टी0सी0 II दिनांक 06.06.2025 के नोट क्रमांक 12 के अंतर्गत एन0ई0पी0–2020 के अनुसार विद्यार्थियों का सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIE) कराया जाना है जिसे शिक्षक शिक्षण कार्य के साथ पूर्ण करेंगे।

अतः कृपया उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 06.06.2025 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
2. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
3. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. गार्ड फाइल।

19/11/25
परीक्षा नियंत्रक